# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट
## (1.4.2018 to 31.3.2019)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 5.06.2018 | पर्यावरण दिवस पर रैली व वृक्षारोपण |
| 2. | 21.06.2018 | विश्व योगा दिवस पर कार्यक्रम |
| 3. | 11.07.2018 | जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली |
| 4. | 24.08.2018 | राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा सघन वृक्षारोपण स्वयं प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित |
| 5. | 24.08.2018 | एक दिवसीय आमुखीकरण व नामांकन शिविर |
| 6. | 28.08.2018 | केरल राज्य बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एक दिवसीय शिविर |
| 7. | 30.08.2018 | स्वच्छता एप द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे |
| 8. | 17.09.2018 | प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान |
| 9. | 20.09.2018 | प्री.आर.डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन |
| 10. | 23.09.2018 | एन.एस.एस. द्वारा नया परिसर में ‘‘स्वच्छता ही सेवा अभियान’’ चलाया गया |
| 11. | 24.09.2018 | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर एक दिवसीय शिविर |
| 12. | 25.09.2018 | पंडित दीनदयाल जयंती पर राष्ट्रीय योजना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कुल 101 युनिट हुआ रक्तदान कार्यक्रम अधिकारियों सहित 20 छात्राओं ने भी किया रक्तदान |
| 13. | 02.10.2018 | गाँधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की नेत्र निःशुल्क जाँच व रक्तदान शिविर |
| 14. | 11.10.2018 से 13.10.2018 | मृदा एवं जल संरक्षण में वनों की भूमिका विषय पर प्रषिक्षण कार्यक्रम |
| 15. | 10.10.2018 से 22.10.2018 | हिमाचल प्रदेश में पर्वतारोहण संबधी गतिविधियां |
| 16. | 18.11.2019 | वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन |
| 17. | 21.12.2018 से 27.12.2018 | सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 18. | 08.12.2018 से 14.12.2018 | राष्ट्रीय एकता शिविर |
| 19. | 28.01.2019 | राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट |
| 20. | 09.02.2019 | वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम |

# पर्यावरण दिवस पर रैली व वृक्षारोपण
## 5 जून 2018

विज्ञान संकाय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के सभी इकाईयों द्वारा 5 जून (पर्यावरण दिवस) पर पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वयं सेवकों द्वारा हाथ में बैनर लेकर विज्ञान संकाय से शहीद स्मारक खेजड़ली तक दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली के पश्चात् शहीद स्मारक, खेजडली में वृक्षारोपण किया गया। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. रामप्रकाश सारण ने किया।











**पर्यावरण चेतना रैली व राष्ट्रीय संगोष्ठी आज**

गुरु जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ और जेएनवीयू की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में खेजड़ली में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। शोधपीठ के निदेशक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे पर्यावरण शुद्धीकरण श्रीमहंत शिवदास शास्त्री व महंत शंकरदास के सानिध्य में यज्ञ से होगी। दस बजे 'गुरु जम्भेश्वर के सिद्धांत एवं वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में पर्यावरण प्रबंधन' संगोष्ठी स्वामी भागीरथदास आचार्य जाजीवाल धोरा व महंत भगवानदास जोधा के सानिध्य में होगी। मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत होंगे। अध्यक्षता जेएनवीयू कुलपति डॉ. राधेश्याम शर्मा करेंगे। खादी बोर्ड अध्यक्ष जसवंतसिंह विश्नोई विशिष्ट अतिथि और रक्षा प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ रामगोपाल मुख्य वक्ता होंगे। जेएनवीयू न्यू कैंपस शोधपीठ कार्यालय से खेजड़ली तक पर्यावरण चेतना रैली निकाली जाएगी। चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता भी होगी।

# <u>विश्व योगा दिवस पर कार्यक्रम</u>

**<u>21.06.2018</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व योगा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर एम.बी.एम इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में प्रातः 6:30 बजे विश्व योगा दिवस के अवसर पर योग का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर विश्वविद्यालय के स्वयं सेवक व अन्य छात्र–छात्राएं ने योग शिविर में भाग लेकर योग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में योग व स्वास्थ्य पर अपना व्याख्यान दिया व लोगों में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी।












# योगा केन्द्र और एन.एस.एस. मनाएगा विश्व योगा दिवस

नवज्योति/जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के योगा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में योगा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयां 21 जून को एम.बी.एम. इंजीनियरींग कॉलेज के मैदान में प्रातः 6:30 बजे योग कर विश्व योगा दिवस मनाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के एमबीएम इंजीनियरींग कॉलेज मैदान में विशाल योग शिविर आयोजित कर विश्व योग दिवस मनाएगा। प्रो. विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विश्वविद्यालय में योग शिविर आयोजित कर लोगो में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर मानव के स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी जाएगी।

## <u>जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली</u>
## <u>11 जुलाई जनसंख्या दिवस</u>

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा भारत सरकार के आदेश पालना हेतु 11 जुलाई को जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से की गई व समापन जसवंत कॉलेज (पुराना परिसर) पहुँच कर हुआ। रैली में विज्ञान संकाय के सभी इकाईयों के स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली की व्यवस्था का जिम्मा भी विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों पर था। रैली में सभी स्वयं सेवकों को टी–शर्ट व टोपी दी गई। रैली के पश्चात् सभी स्वयं सेवकों को प्रमाण–पत्र व अल्पाहार वितरण किए गए। रैली का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण व अनुराग चौधरी ने किया।















## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली आज

जोधपुर। विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को जनसंख्या स्थिरता कोष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना व्यास विष्वविद्यालय, जोधपुर के तत्वावधान में एक विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर तथा राजस्थान शासन, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य एन.एस.एस प्रकोष्ठ के सहयोग व मार्गदर्शन में तथा महिला पी.जी. महाविद्यालय एवं आदर्श महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली कमला नेहरू महाविद्यालय से सुबह 8:30 बजे रवाना होगी। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि यह रैली कमला नेहरू महाविद्यालय से पावटा चौराहा से हाईकोर्ट के आने के रास्ते से सोजती गेट नई सड़क चौराहा से मोहनपुरा पुलिया से ओल्ड कैम्पस में सम्पन्न होगी।



विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम

## रैली निकाल किया जागरूक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर. विश्व जनसंख्या दिवस पर बुधवार को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और विभिन्न सामाजिक बुराइयों को लेकर जागरूक किया।

एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय और उच्च शिक्षा विभाग राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ के सहयोग से कमला नेहरू कॉलेज से सुबह 8.45 बजे रैली रवाना की गई। जिला प्रमुख पुनाराम चौधरी, केएन कॉलेज निदेशक डॉ. पूनम बावा, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने रैली को हरी झण्डी दिखा रवाना किया। रैली में महिला पीजी महाविद्यालय व आदर्श महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक भी शामिल हुए। रैली पावटा चौराहा, हाईकोर्ट रोड, नई सड़क चौराहा, मोहनपुरा पुलिया होते हुए विवि के पुराना परिसर में संपन्न हुई। रैली में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं जनसंख्या स्थिरीकरण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, मोदी केयर बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, भामाशाह कार्ड योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। रैली से पहले जिला प्रमुख चौधरी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जनसंख्या नियंत्रण का महत्व और उससे देश के विकास में योगदान को परिभाषित किया।

जोधपुर सामान्य ज्ञान सोसायटी की ओर से बालसमंद स्थित सोसायटी कार्यालय में जनसंख्या दिवस मनाया गया। सोसायटी अध्यक्ष किशोरसिंह पंवार, राजेश गहलोत, डॉ. बलवंतसिंह राठौड़, संतोषकुमार जोशी, महेश गहलोत, छंवरसिंह गहलोत, अमरसिंह कच्छवाहा उपस्थित थे। हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला मुख्यालय की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटियानडी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय किसाना कन्या व राजकीय माध्यमिक विद्यालय पाबुपुरा में जनसंख्या दिवस मनाया। जिला ऑर्गेनाइजर मनिष सेरावत ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और रैली निकाली गई। राउमावि सेखाला बावड़ी में प्रार्थना सभा के साथ क्विज हुआ। विजेता को ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें एसएमसी अध्यक्ष व मुख्य अतिथि देवीसिंह और संस्था प्रधान डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने वितरित की।

### जागरुकता कार्यक्रम

ब्रिज ऑफ होप संस्थान की ओर से बलदेव नगर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विनय अल्फ्रेड ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता डॉ. रेणुका ने परिवार नियोजन की जानकारी दी। कॉर्डीनेटर विनस मार्टीन ने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताई। बलदेवनगर में जागरुकता रैली निकाली।



## विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता कोष, स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर तथा राजस्थान शासन, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ के सहयोग व मार्गदर्शन में तथा महिला पीजी महाविद्यालय, आदर्श महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली कमला नेहरू महाविद्यालय से ये रैली रवाना हुई। रैली पावटा चौराहा, हाईकोर्ट रोड़, सोजती गेट, नई सड़क चौराहा, मोहनपुरा पुलिया से होते हुए विश्वविद्यालय के ओल्ड कैम्पस पहुंच सम्पन्न हुई। इस रैली द्वारा भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं, जनसंख्या स्थिरता कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, मोदी केयर बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, भामाशाह कार्ड योजना आदि के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

समारोह की अध्यक्ष केएन कॉलेज निदेशक प्रो. पूनम बावा ने कहा कि देश में जनसंख्या स्थिरता में पढी लिखी लडकियां अहम् भूमिका निभा सकती हैं। देश में जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति के दुष्परिणामों को समझना व देश के संसाधनों की सीमितता के प्रति ध्यान आकर्षित कराने का महत्वपूर्ण कार्य एनएसएस की छात्राओं के द्वारा किया जा रहा है, जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। हम दो हमारे दो सिद्धांत को प्रतिपादित किया जा सकता है जिससे कि भारत के उज्जवल भविष्य की कामना की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि उपाध्याय एवं कोमल सिंह ने कहा कि जब देश का युवा जागरूक होगा एवं शिक्षित होगा तो भारत में चलायी जाने वाली सभी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारी तथा महिला महाविद्यालय व आदर्श महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि सिंदल ने मंच का सफल संचालन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा सघन वृक्षारोपण स्वयं प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित

**24.08.2018**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दिनांक 24.08.2018 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों का पंजीयन करके उन्हें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना,

उद्देश्य व कार्यशैली पर अपना उद्बोधन देते हुए स्वयं सेवकों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण द्वारा केरल में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न हालात को रेखांकित किया व स्वयं सेवकों से अपील करते हुए उन्हें अनुदान हेतु गली–मोहल्लें व बस्तीयों से धनराशी इकट्ठा करके प्रधानमंत्री सहायता कोष में जमा करवाने हेतु शीघ्र कार्य करने का आहवान किया। डॉ. शंकर नामा, डॉ. भवरूराम जयपाल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. उत्तम पालीवाल ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर नीम के पौधों का वृक्षारोपण कर उनकी दिन प्रतिदिन देखभाल करने व सिंचित करने की शपथ दिलाई। स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए सभी पौधों को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित किए। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजली दी गई। इससे पूर्व वनस्पति विभाग में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजली देते हुए इनकी चिरस्मृति में उत्तराखण्ड से ''पुत्रजीवा'' पौधा मंगवाकर लगवाया गया ज्ञात्वय है कि अटल बिहारी वाजपेयी को भारतरत्न सम्मान मिल चुका है और वे भारत पुत्र कहलाते है अतः उनके अमरत्व हेतु ''पुत्रजीवा'' पौधा का वृक्षारोपण किया गया।





## स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



### भारत रत्न वाजपेयी को दी मौन श्रद्धांजलि

एक्सपोज रिपोर्टर

xpose.jodhpur@in.patrika.com

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में शुक्रवार को एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में स्वयसेवकों के पंजीयन के बाद कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीण गहलोत ने एनएसएस की स्थापना, उद्देश्य व कार्यशैली के साथ इसके महत्व की जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयंसेवकों से केरल के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गली-मोहल्ले से धनराशी एकत्र कर प्रधानमंत्री सहायता कोष में जमा करवाने का आह्वान किया।

डॉ. शंकरनामा, डॉ. भंवरूराम जयपाल, डॉ. प्रियंका पुरोहित और डॉ. उत्तम पालीवाल ने स्वयंसेवकों के ... के पौधे रोप कर उनकी ... करने व सिंचित ... पौधों को

## एक दिवसीय आमुखीकरण व नामांकन शिविर
## 24.08.2018

विज्ञान संकाय में दिनांक 24.08.2018 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में नए भर्ती होने वाले छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी प्रदान करना था। आमुखीकरण शिविर में नए छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना, उद्देश्य व कार्यशैली से अवगत करवाया गया।

समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा नए छात्र–छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेवक बनने का आहवान किया। डॉ. के. आर. पटेल द्वारा विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में रहते विभिन्न क्षेत्र में उपलब्ध की गई उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने इकाई अनुसार नवागंतु छात्र–छात्राओं को पंजीयन की जानकारी प्रदान कर फॉर्म वितरण किए।

डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. प्रियंका पुरोहित द्वारा विभिन्न इकाईयों का गठन कर वर्ष 2018—19 हेतु स्वयं सेवकों का नामांकन किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा नीम के पौधें का वृक्षारोपण कर उनकी रोजाना देखभाल करने व सिंचित करने की शपथ ली। स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए सभी पौधों को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित किए। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. उत्तम पालीवाल ने किया।








**<u>केरल राज्य बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एक दिवसीय शिविर</u>**

**<u>28.08.2018</u>**

राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर के आदेश की पालना हेतु विज्ञान संकाय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 28.08.2018 को किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता देने हेतु धनराशी एकत्र करने हेतु स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया, सभी स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में आचार्य, सह—आचार्य, सहायक आचार्य, कर्मचारी व छात्र—छात्राओं से मिलकर बाढ़ पीडितों के सहायतार्थ दान राशी एकत्र की। स्वयं सेवकों द्वारा अपने गली—मोहल्ले से भी दान राशी एकत्र की गई, जमा धनराशी को कार्यक्रम  अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा केरल के मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करवाया गया। सम्पूर्ण

कार्यक्रम  डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. प्रियंका पुराहित के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम  अधिकारी डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. बी. आर. जयपाल ने अपनी–अपनी इकाईयों के साथ मिलकर धनराशी जुटाने में अपना सहयोग प्रदान किया।











## <u>स्वच्छता एप द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे</u>
## <u>30.08.2018</u>

विज्ञान संकाय में 30 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के फीडबैक लेने हेतु सर्वेक्षण अभियान में वोटिंग करना था। कार्यक्रम  को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम  समन्वयक

प्रो. जेताराम विश्नोई ने संबोधन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम  में मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अविचल चतुर्वेदी (आई.ए.एस) थे। श्री अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के फिडबैक हेतु अपने मोबाईल से स्वच्छ एप डाउनलोड करने व उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात् जिला परिषद से आए कार्यक्रम  के विशेष अतिथि श्री सोहनलाल चौधरी ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता एप के तहत् स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भागीदारी की जिम्मेदारी के बारे में बताया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी स्वयं सेवकों ने अपने मोबाईल में स्वच्छ एप डाउनलोड कर फिडबैक दिया। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।






## स्वच्छता एप के जरिए दी जानकारी

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में गुरुवार को एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान में फीड बैक लेने के लिए चलाए गए सर्वेक्षण अभियान मे वोटिंग के बारे में जानकारी दी गई। एनएसएस समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वच्छ भारत अभियान की जानकारी दी। मुख्य अतिथि जिला परिषद के सीईओ अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के फीडबैक के लिए अपने मोबाइल में स्वच्छ एप डाउनलोड करने और उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के सम्बन्ध में जानकारी दी। जिला परिषद के सोहनलाल चौधरी ने स्वच्छता एप डाउनलोड करने का प्रोसेस बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने अगले महीने होने वाली छात्र संसद के लिए स्वयंसेवकों का चयन किया। तृतीय चरण में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ से प्रभावित लोगों को प्रोत्साहित किया।



## स्वच्छता एप से विवि में स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे

### विज्ञान संकाय व केएन कॉलेज में हुए आयोजन

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के फीड बैक लेने के लिए सर्वेक्षण अभियान में वोटिंग की गई। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने संबोधित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता एप डाउनलोड करने व उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात जिला परिषद से सोहनलाल चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को स्वच्छता एप के तहत अपना अनुभव व स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भागीदारी को स्वच्छता एप डाउनलोड कर फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ से प्रभावित लोगों को सहायता देने हेतु धनराशि एकत्र करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को प्रियंका पुरोहित ने भी सम्बोधन किया।

**केएन कॉलेज में आयोजन** कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा चलाई गयी विभिन्न जनहित योजनाओं के कार्यान्वयन से सम्बंधित सर्वे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. पूनम बावा ने की। कार्यक्रम में एन.एस.एस. अधिकारी प्रो. बीना भाटिया, डॉ. आर.एल. सैनी एवं डॉ. विनीता चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने किया एवं डॉ. पंकज नामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## <u>प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान</u>

**<u>17.09.2018</u>**

जोधपुर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज दिनांक 17.09.2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंनें अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को स्वच्छता की महत्ता को बताया। उन्होंने अपने गली मोहल्लो, शहर, गाँव, विद्यालयों, कॉलेज, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि को स्वच्छ रखने हेतु

जागरूकता लाने हेतु आहवान किया। डॉ. के. आर. पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान व स्वच्छता अभियान हेतु मोबाईल में ऐप डाउनलोड करने व अपने स्वयं द्वारा किए गए कार्यो को अपलोड करने की बात कही। डॉ. प्रवीण गहलोत ने क्लीन कैम्पस–ग्रीन कैम्पस की धारणा को विज्ञान संकाय में लागू करने व विज्ञान संकाय को साफ सुथरा व हरा–भरा रखने का आहवान किया। डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. प्रियंका पुराहित ने स्वय सेवकों को संबोधन किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय की साफ–सफाई की गई तथा संकाय में विश्वविद्यालय चुनाव के दौरान फैली गंदगी को साफ किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. उत्तम पालीवाल ने सभी स्वयं सेवकों को धन्यवाद दिया।












पीएम के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान

नवज्योति/ जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने संबोधन में स्वयं सेवकों को स्वच्छता की महत्ता को बताया। उन्होंने अपने गली, मोहल्लों, शहर, गाँव, विद्यालयों, कॉलेज, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि को स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता लाने हेतु आह्वान किया।



एनएसएस कैडेट्स ने ली स्वच्छता की शपथ

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में सोमवार को एनएसएस स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

प्रो. जेताराम विश्नोई ने गली, मोहल्ले, घर, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता लाने के लिए स्वय सेवकों का आह्वान किया। डॉ. केआर पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान ऐप मोबाइल में डाउनलोड करने और स्वयं की ओर से किए गए स्वच्छता कार्यों को अपलोड करने की बात कही। डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. रामप्रकाश सारण व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भी स्वयं सेवकों को सम्बोधित किया।

## <u>प्री.आर.डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन</u>

**20.09.2018**

विज्ञान संकाय में दिनांक 20.09.2018 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसके तहत् प्री.आर.डी. कैम्प (गणतंत्र दिवस हेतु आगामी कैम्प) में भाग लेने हेतु स्वयं सेवकों का चयन किया गया। स्वयं सेवकों के चयन हेतु क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर से आए अधिकारी श्री देशराज ने सर्वप्रथम स्वंय सेवकों को संबोधन कर उन्हें गणतंत्र दिवस परेड की महत्ता को बताया तत्पश्चात् परेड में चयन हेतु उचित मापदण्ड पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा विश्वविद्यालय से पूर्व में चयनिय स्वयं सेवकों की जानकारी देकर छात्र–छात्रओं का मनोबल बढ़ाया गया। डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा करीब 200 स्वयं सेवकों का ट्रायल लिया गया। चयनित स्वयं सेवक विश्व भारती पी.जी. महाविद्यालय, सीकर में आयोजित प्री. आर. डी. शिविर में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## प्री गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्वयं सेवकों का चयन

जोधपुर @ पत्रिका . जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को विवि के विभिन्न संकायों, कमला नेहरू महाविद्यालय, आदर्श महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय बालोतरा, राजकीय महाविद्यालय बिलाडा व जोधपुर संभाग के विभिन्न कॉलेजों के स्वयं सेवकों का प्री गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा सहायक अधिकारी देशराज द्वारा विज्ञान संकाय में 200 स्वयं सेवकों का ट्रायल लिया गया। इसके तहत चयनित स्वयं सेवक वर्ष 2018 के प्री आरडी केम्प में 10 दिन भाग लेंगे। प्री आरडी केम्प में चयनित स्वयं सेवक 26 जनवरी को राष्ट्रीय परेड में भाग लेंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ स्वयंसेवकों का चयन

नवज्योति/जोधपुर।

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में गुरुवार को गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस के समन्वयक प्रोण् जेताराम विश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के कार्मिक देश राज रहे। विश्नोई ने बताया कि गणतंत्र दिवस को दिल्ली के राजपथ पर होने वाली परेड में एनएसएस की टुकड़ी भी भाग लेती है। इसके उतरी क्षेत्र पूर्व शिविर हेतु जोधपुर संभाग स्तर पर एनएसएस स्वयंसेवको का चयन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों की शारीरिक दक्षता, परेड और सांस्कृतिक नृत्य और कलाओं के आधार पर दस उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों का चयन किया गया। इनका परिणाम अगले माह घोषित किया जाएगा। चयनित स्वयंसेवकों का सीकर के विश्व भारती पीजी कॉलेज में 12 से 21 अक्टूम्बर तक 10 दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर से चयनित उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों को 26 जनवरी को दिल्ली के राजपथ पर परेड करने का मौका मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेलए डॉ. बीआर जयपाल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल व सुखराम जाणी आदि उपस्थित रहे।

## एन.एस.एस. द्वारा नया परिसर में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" चलाया गया

**23.09.2018**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर चलाए जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत् स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत् कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में विभिन्न दल बनाकर अधिष्ठाता कार्यालय, व्याख्यान कक्ष, कालांष रूम, गार्डन, लैक्चर थियेटर, भौतिक विभाग, रसायन विभाग व यूसिक कार्यालय के आस–पास पड़े कचरे को इकट्ठा कर जलाकर सफाई की गई तथा मुख्य द्वार के आस–पास कंटीली झाडीया, कंकड–पत्थर आदि को हटा कर साफ–सफाई की गई। मोहन लाल चौधरी, सुरेश जाणी, हनुमान डुकीया, सुमेरमल, विकास विश्नोई, रमेश पुनीया, रमेश बेरड इत्यादि स्वयं सेवकों के नेतृत्व में विभिन्न दलों का गठन कर सफाई का अलग–अलग काम सौंपकर परिसर की सफाई की गई।









**एनएसएस द्वारा न्यू कैंपस में चलाया स्वच्छता अभियान**

नवज्योति/जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. के आर पटेल ने बताया कि शिविर में एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में चलाये गये स्वच्छता अभियान में कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत, डा आर पी सारण, डा उत्तम पालीवाल, डा अशोक पटेल, डा प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में दल बनाकर अधिष्ठाता कार्यालय, व्याख्यान कक्ष, कालांश रूम , गार्डन, आदि स्थानों सफाई की गई। शिविर के द्वितीय सत्र में प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक आचाय-डा आरपी साराण ने मानव शरीर में बनने वाले रक्त की प्रक्रिया के बारे में विचार व्यक्त किये। डा गहलोत ने रक्तदान के महत्व कोबताया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर एक दिवसीय शिविर
## 24.09.2018

विज्ञान संकाय में दिनांक 24.09.2018 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया गया। शिविर को संबोधन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व उपलब्धियों का रेखांकन किया। डॉ. रामप्रकाश सारण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्य रक्तदान हेतु समाज में जनचेतना विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने शरीर में बनने वाले रक्त की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. अशोक पटेल द्वारा निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम  के अन्त में विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने किया।







राजस्थान पत्रिका . जोधपुर, सोमवार, 24 सितम्बर, 2018

**विज्ञान संकाय में स्वच्छता अभियान**

जोधपुर ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में तहत विज्ञान संकाय में सफाई की। द्वितीय सत्र में प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. आरपी सारण ने मानव शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

## पंडित दीनदयाल जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन
## कुल 101 यूनिट हुआ रक्तदान
## कार्यक्रम अधिकारियों सहित 20 छात्राओं ने भी किया रक्तदान
## 25.09.2018

दिनांक 25.09.2018 को विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों का संयुक्त एक दिवसीय विशेष रक्तदान शिविर विज्ञान संकाय

के यूसिक केन्द्र पर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि अम्बिका अस्पताल रक्तकोष एवं शोध केन्द्र द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने स्वयं सेवकों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए अपने उद्‌बोधन में रक्तदान को मानव समाज की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि एन.एस.एस. का एक स्वयं सेवक जो उच्च आदर्श, सेवाभाव के साथ सेवा करने को तत्पर रहता है, रक्तदान कर कितने ही जरूरतमंद इंसानों की जिंदगी बचा सकता है और आज तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों न बढ़–चढ़ कर रक्तदान किया हैं। विश्वविद्यालय एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयंसेवकों में रक्तदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान से किसी भी तरह का नुकसान या शारीरिक व्याधि पैदा नहीं होती बल्कि इसके फायदे ही फायदे हैं। इसी तरह प्रो. आर. जे. सेंगवा ने रक्तदान से संबंधित विविध जानकरी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका स्वस्थ युवक जिसने पिछले तीन माह में रक्तदान नहीं किया एवं जिसका वजन 48 किलो से अधिक है रक्तदान कर सकता है तथा एक यूनिट रक्त से विभिन्न तरह की बिमारियों एवं दुर्घटनाओं से पीडितों की जान बचा कर मानव सेवा की जा सकती हैं। प्रो. पवन कसेरा ने भी अपने उद्‌बोधन में रक्तदान करने की अपील की।


एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश राजपुरोहित, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रवीण चंद्र, डॉ. संतोष मेहर, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित ने रक्तदान कर स्वंय सेवकों को प्रोत्साहित व जागरूक किया। जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय सेवा योजना के 101 स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया जिनमें 20 छात्राओं ने भी रक्तदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीना भाटीया, डॉ. पंकज नामा, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. फताराम के नेतृत्व में स्वयं सेवक सुरेश जाणी, मोहनलाल, ताराचन्द, सुमेरमल, सुखाराम जाणी, मदन, भरत पटेल व विकास विश्नोई ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। इस अवसर पर अम्बिका ब्लड बैंक से डॉ. राकेश गहलोत एवं डॉ. योगेश दवे की टीम ने ब्लड ग्रुप की जाँच कर कैम्प को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. रामप्रकाश ने किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. के. आर. पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।









... कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थी। ये कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक लगेगी।

**रक्तदान आज**

जोधपुर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मंगलवार को जयनारायण व्यास विवि के नया परिसर स्थित यूसिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवक रक्तदान करेंगे।

## <u>गाँधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की नेत्र निःशुल्क जाँच व रक्तदान शिविर</u>

**<u>02.10.2018</u>**

जोधपुर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर के तहत् विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती पर अपने उद्‌बोधन में राष्ट्रपिता के आदर्शो पर प्रकाश डाला तथा स्वयं सेवकों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गाँधी जयंती पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने स्लाईडों के माध्यम से घरेलु कचरा निस्तारण पर अपना प्रेजेन्टेशन दिया। उन्होंने स्वयं सेवकों को स्वच्छतादूत बनकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय द्वारा 150 स्वयं सेवकों की निःशुल्क नेत्र जाँच की गई। नेत्र जाँच शिविर का संचालन डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. शरद बिस्सा व डॉ. एस. के. बरवड द्वारा किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया

गया, जिसका संचालय डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा किया गया। डॉ. पालीवाल ने रक्तदान करने के लिए स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया।















## एनएसएस का रक्तदान शिविर आज

नवज्योति/ जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान कर महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती मनाई जाएगी। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि 2 अक्टूबर को पुराना परिसर के विधि संकाय मे सुबह 9 बजे से उम्मेद अस्पताल के ब्लड़ बैंक की टीम द्वारा रक्तदान किया जायेगा। विधि संकाय में विश्वविद्यालय की सभी इकाइयों द्वारा रक्तदान किया जायेगा। विज्ञान संकाय में नेत्र जांच शिविर तथा कमला नेहरू महाविद्यालय एवं कला संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी जयन्ती पर स्वच्छता अभियान चला कर महाविद्यालय तथा कला संकाय मे सफाई की जायेगी। राज्य सरकार के आदेशानुसार कई सम्बद्ध महाविद्यालय भी विधि संकाय पुराना परिसर मे रक्तदान करेंगे।



**एनएसएस व रक्तदान शिविर** : जेएनवीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना समंवयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर अपने उद्‌बोधन में राष्ट्रपिता के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने घरेलू कचरा निस्तारण पर अपना प्रजेंटेशन दिया। एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा 150 स्वयं सेवकों की नेत्र जांच की गई। संचालन डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा और डॉ. एसके बरवड़ द्वारा किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर लगाया।

## मृदा एवं जल संरक्षण में वनों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
## 11.10.2018 से 13.10.2018

शुष्क वन शोध अनुसंधान, (आफरी) जोधपुर द्वारा 3 दिवसीय मृदा एवं जल संरक्षण शिविर में वनों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के तीन स्वयं सेवक रमेश, संदीप गोयल व ओमपूरी ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की तीनों स्वयं सेवकों द्वारा तीन दिवसीय शिविर के विभिन्न सत्रो में मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, वन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का ज्ञानोत्पार्जन किया। ज्ञात्वय है कि मृदा एवं जल संरक्षण की कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें विज्ञान संकाय के तीन स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

## हिमाचल प्रदेश में पर्वतारोहण संबंधी गतिविधियां
## 10.10.2018 से 22.10.2018

विश्वविद्यालय के 11 सदस्य दल ने 10.10.2018 से 22.10.2018 तक हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित रीजनल माउंटेनिंग सेंटर में दस दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लिया। शिविर में पर्वतारोहण से संबंधित गतिविधियां जैसे रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेवर्स रिवर क्रॉसिंग, ट्रेकिंग, सर्वायीवल जंगल क्राफ्ट, कैम्पिग, नाइट मार्च एवं लीडरशीप क्वालिटी, लेशन, डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रैक्टिस के माध्यम से सिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल क नेतृत्व में स्वयं सेवक मोहनलाल, सुरेश जाणी, सुमेरमल, ताराचन्द, विकास विश्नोई, किरण, कोमल, कौशल्या, सरिता एवं प्रियंका ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी स्वयं सेवकों को पर्वतारोहण के समय ध्यान में रखी जाने वाली सावधानीयो से अवगत करवाया। ज्ञात्वय है की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत मनाली में दस दिवसीय पर्वतारोहण का शिविर में भाग ले चूके हैं।

**जेएनवीयू के एनएसएस दल ने हिमाचल में की पर्वतारोहण संबंधी गतिविधियां**



**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का ग्यारह सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित रीजनल माउटेंनरिंग सेंटर से दस दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लेकर लौटा। आरएमसी की निर्देशिका अनुजा अवस्थी ने बताया कि शिविर में कुल पांच राज्यों के 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में पर्वतारोहण से संबंधित गतिविधियां जैसे रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेवर्स रिवर क्रॉसिंग, ट्रैकिंग, सर्वाइवल, जंगल क्राफ्ट, कैंपिग, नाइट मार्च एवं लीडरशिप क्वालिटी, लेशन, डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रैक्टिसं के माध्यम से सिखाई गई। डॉ. अशोक पटेल की अगुवाई में गए दल में स्वयंसेवक मोहनलाल, सुरेश जांणी, सुमेरमल, ताराचंद, विकास विश्नोई, किरण, कोमल कौशल्या, सरिता व प्रियंका ने भाग लिया।

**एनएसएस के दल प्री आरडी शिविर में भाग लेने के लिए रवाना**

**जोधपुर.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के दो अलग-अलग दल साहसिक शिविर और प्री आरडी शिविर मे भाग लेने के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला मे अटल बिहारी वाजपेयी माउटेन्ड इंस्टीट्यूट में आयोजित होने जा रहे सहासिक शिविर मे डॉ. अशोक पटेल के नेतृत्व में पांच छात्र एवं पांच छात्राएं व्यास विश्वविद्यालय से भाग लेने के लिए रवाना हुए। विश्व भारती पीजी महाविद्यालय सीकर में होने वाले शिविर में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन स्वयं सेवक गुरूवार शाम को रवाना होंगे।

**जेएनवीयू एनएसएस के दो दल हिमाचल शिविर में भाग लेने हुए रवाना**

**नवज्योति/जोधपुर।**

जेएनवीयू एनएसएस के दो अलग-अलग दल 12 से 21 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित होने वाले साहसिक शिविर एवं प्रीआरडी. शिविर मे भाग लेने के लिए रवाना हुए। समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया, कि अटल बिहारी बाजपेयी माउटेंड इन्सटीटयुट मे आयोजित होने जा रहे शिविर मे डॉ. अशोक पटेल के नेतृत्व में पांच-पांच छात्र एवं छात्राएं व्यास विश्वविद्यालय से भाग लेने के लिए बुधवार को रवाना हुए।

## वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**18.11.2019**

विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा आगामी राजस्थान विद्यानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओं की थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का मंचन जोधपुर शहर के विभिन्न चौराहों पर किया गया। स्वयं सेवकों ने नाटक मंचन में जन–मानव से अपील कर वोट डालने व देश के लोकतंत्र को मजबूत करने की बात कही। नुक्कड़ नाटक का

संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश, डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. शरद बिस्सा के नेतृत्व में किया गया।
















## सात दिवसीय विशेष शिविर
## 21.12.2018 से 27.12.2018

विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत आज दिनांक 21.12.2018 को विधिवत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने अपने उद्बोधन में सात दिवसीय शिविर में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इन्होंने बताया कि विशेष शिविर का उद्देश्य स्वयं सेवकों में समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना की सीख देना हैं। एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा सात दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रम को रेखांकित किया।

**प्रथम दिन** के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों को योग करवाया गया, तत्पश्चात् द्वितीय सत्र में विज्ञान संकाय में सफाई करवाई गई। तृतीय बौद्धिक सत्र में डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयं सेवकों को संबोधन दिया। प्रथम दिन समापन पश्चात् स्वयं सेवकों को पौष्टिक आहार खिलाया गया।

शिविर के **दूसरे दिन** योगा सत्र व स्वच्छता सत्रों का आयोजन किया गया तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. बिहारी लाल दर्जी (राज्य कर अधिकारी) द्वारा स्वयं सेवकों को जी.एस.टी. की जानकारी प्रदान की गई।

विशेष शिविर के **तीसरे दिन** सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर के सेवानिवृत प्रो. राजेन्द्र तातेड़ द्वारा स्वयं सेवकों को कार्डियक पल्मोनरी रिसशिटेशन की जानकारी का लाईव डेमो दिया गया। उन्होंने अपने पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन व मानव डमी के माध्यम से करीब 200 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि पानी में डूबे व्यक्ति, अचानक कार्डियक अरेस्ट, जन्म के समय बच्चे की नहीं रोने व अचानक श्वास में रूकावट आने इत्यादि केस के उदाहरण प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया व मानव डमी पर प्रशिक्षण दिया।

विशेष शिविर के **चौथे दिन** प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल के निर्देशन में स्वयं सेवकों द्वारा सरस्वती नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सड़कों के किनारे पर उगी झाड़िया, पॉलीथीन व कचरा साफ किया गया। तत्पश्चात् घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र में जोधपुर के परिवहन अधिकारी श्री अर्जुन सिंह राठौड़ ने स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी श्री ओमप्रकाश चौधरी ने नागरिक शिष्टाचार व सुरक्षा व्यवहार पर अपना उद्बोधन दिया।

विशेष शिविर के **पाँचवे दिन** डॉ. रचना नेगी (R. Ac. S.) द्वारा स्वयं सेवकों को वित्तिय प्रबन्ध की जानकारी दी गई। डॉ. रचना ने बजट के मूल प्रारूप, आवश्यकता व सरकार द्वारा करो को संग्रह करने वाली योजनाओं से अवगत करवाया। श्री नरेन्द्र चौधरी (RPS) द्वारा अपने उद्बोधन में नागरिकों के कर्त्तव्य व अधिकारों पर चर्चा की व स्वयं सेवकों से अच्छे नागरिक बनने व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आहवान किया।

विशेष शिविर के **छठे दिन** डॉ. अनुराग चौधरी के निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भाषण प्रतियोगिता, डॉ. उत्तम पालीवाल ने निबंध प्रतियोगिता, डॉ. प्रवीण गहलोत ने बेटी–बचाओं, बेटी–पढ़ाओं व विज्ञान व तकनीकी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

शिविर के **अंतिम दिन** प्रो. किशोरी लाल रैगर द्वारा स्वच्छ शरीर व योगा पर अपना व्याख्यान दिया। सम्पूर्ण सात दिवसीय कार्यक्रम  में प्रति दिन स्वयं सेवकों से योगा व श्रमदान भी करवाया गया। सातो दिन स्वयं सेवकों को पौष्टिक आहार भी करवाया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गुलाब सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. चेनाराम चौधरी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। सम्पूर्ण सात दिवसीय कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया।



















## एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

नवज्योति/जोधपुर। जेएनवीयू विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय चरण का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने सात दिवसीय शिविर में हुई गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर में डॉ. बिहारी लाल दरजी, राज्य कर अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के कर, सेवा व वस्तु कर की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. भवरूराम जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया।

## यातायात नियमों व नागरिक कर्त्तव्यों की जानकारी दी

*एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित*

नवज्योति/जोधपुर

व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के प्रथम सत्र में योग व व्यायाम करवाया गया। योग व व्यायाम सत्र का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् सरस्वती नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर सड़कों के किनारों पर उगी झाड़िया, पॉलीथीन व कचरा साफ किया गया एवं घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता अभियान का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.के.आर. पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आर.पी.सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. बी.आर. जयपाल ने किया। तीसरे व चौथे बौद्धिक सत्र में परिवहन अधिकारी अर्जुन सिंह राठौड़ व पुलिस अधिकारी श्री ओमप्रकाश चौधरी ने स्वंयसेवकों का मार्गदर्शन किया।

अर्जुन सिंह ने यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया व स्वयं सेवकों से यातायात नियमों के पालना की शपथ दिलवाई। वहीं ओमप्रकाश चौधरी ने नागरिक शिष्टाचार व सुसभ्य व्यवहार अपनाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत डॉ. प्रियंका पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

<u>**राष्ट्रीय एकता शिविर**</u>

<u>**08.12.2018 से 14.12.2018**</u>

विज्ञान संकाय के स्वयं सेवक सुरेश जाणी व विकास विश्नोई ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर के सात दिवसीय कार्यक्रम में सुरेश जाणी व विकास विश्नोई ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए सांस्कृतिक, खेलकूद, राजनीतिक संवैधानिक सत्र में अपनी बात रखी। शिविर समाप्ति पर दोनों स्वयं सेवकों को एकता शिविर प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।











भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
प्रमाण–पत्र
CERTIFICATE

प्रमाणित किया जाता है कि/ Certified that श्री/ सुश्री/ Sh./Ms. Suresh Kumar
सुपुत्र/सुपुत्री/ Son / Daughter of श्री/ Sh. Mohan lal
राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वयंसेवक/ N.S.S. Volunteer of JNVU, Jodhpur राज्य/ State Rajasthan
ने दिनांक 8 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2018 तक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता की/ participated in National Integration Camp held at University of Rajasthan, Jaipur (Rajasthan) from 8th December to 14th December, 2018.

प्रो. आर. के. कोठारी
कुलपति
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

डॉ. आर. एन. शर्मा
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

श्री गिरधर उपाध्याय
क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर

<u>**राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट**</u>

<u>**28.01.2019**</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 28.01.2019 को राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट का आयोजन किया गया जिनमें विज्ञान संकाय के विभिन्न इकाईयों के स्वयं सेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया की विज्ञान संकाय से यूथ पार्लियामेन्ट में भाग लेने वाले स्वयं सेवक सुरेश कुमार, मोहनलाल, विकास विश्नोई, श्रवण कुमार, सुमेरमल, मनोहर सिंह, नेमीचन्द, राकेश, शंकरराम, सुरेन्द्र कुमार, रमेश, संदीप गोयल, दिनेश कुमार, त्रिलोक कुमार, सताराम, ओमपूरी, श्यामलाल व ताराचन्द देवड़ा थे। यूथ पार्लियामेन्ट में विज्ञान संकाय के स्वयं सेवक राकेश सारण को यूथ पार्लियामेन्ट में अवार्ड दिया गया। राकेश सारण ने पार्लियामेन्ट में देश की एकता व अखंडता पर अपना उद्बोधन दिया था। यूथ पार्लियामेन्ट का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. निधि संदल ने किया।










# वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम

## 09.02.2019

विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों का वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम  दिनांक 09.02.2019 को सेमीनार हॉल, विज्ञान संकाय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोधपुर शहर विद्यायिका श्रीमति मनीषा पंवार थी। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र सोलंकी थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल द्वारा वार्षिक गतिविधिया रिपोर्ट का वाचन किया। वर्षभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत व प्रियंका पुरोहित द्वारा किया गया।

















# एनएसएस के वार्षिक समारोह में प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित

**जोधपुर** | जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक कार्यक्रम, प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 120 स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक मनीषा पंवार, राजेंद्र सोलंकी, प्रो. गंगाराम जाखड़, प्रो. अय्यूब खान, डा. लालसिंह राजपुरोहित, प्रो. करताराम पटेल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम विश्नोई ने विवि में वन्यजीव संरक्षण के उद्देश्य के लिए आयोजित फोटो प्रर्दशनी का अवलोकन किया।